कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 17.06.2022

गर्ल्स कॉलेज में योग शार्ट टर्म कोर्स आयोजित

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के क्रीड़ा विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वाधान में शार्ट टर्म कोर्स **''योगा फॉर वूमेन हेल्थ''** का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को कहा कि योग का उन्हें निरंतर अभ्यास करना है तथा औरों को भी जागरूक करना है ताकि इसका लाभ समाज के हर वर्ग को मिले।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की आई.क्यू.ए.सी. प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. अमिता सहगल ने किया उन्होनें कहा कि महिलाओं को भी अपने स्वास्थ के प्रति जागरूकता लाना बहुत जरूरी है। योग सहायक प्राध्यापक पंकज यादव ने निरंतर अभ्यास की आवश्यकता की बात कही।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. एस.सी. तिवारी एवं अमिता सहगल द्वारा सहभागी छात्राओं को सहभागिता प्रमाण–पत्र वितरित किया गया।

कोर्स के अंतिम दिन छात्राओं से लिखित एवं प्रायोगिक परीक्षा ली गई। सहभागी छात्रा संजना ने कोर्स के उपर अपने विचार प्रगट करते हुए कहा कि यह कोर्स बहुत उपयोगी था।

विषय–विशेषज्ञ ने बहुत अच्छा सीखाया मुख्य रूप से डॉ. मंजू झा, रायपुर, श्री पंकज यादव द्वारा/नीरा मैडम एवं विद्या मैडम की क्लास से भी हम लोगों ने बहुत कुछ सीखा। डॉ. ऋतु दुबे क्रीड़ाधिकारी की कक्षा में हम सभी एकमदम रिलेक्स हो गये।

कार्यक्रम में श्रीमती रीता शर्मा, डॉ. सुनीता गुप्ता, डॉ. मिलिन्द अमृतफले, डॉ. योगेन्द्र त्रिपाठी उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋतु दुबे एवं डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने किया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन डॉ. सुचित्रा खोब्रागड़े ने किया। इस कार्यक्रम को आयोजित करने में श्री बल्ला वैष्णव, श्री विजय चन्द्रकार, श्री विनोद ठाकुर ने सहयोग दिया।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)